<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

# स्वास्थ्य कार्यबल का निर्माण: इरेडा द्वारा कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन






नई दिल्ली, 25 जनवरी 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली स्थित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आउटसोर्स कर्मचारियों सहित अपने कर्मचारियों के लिए निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस जांच शिविर पहल का उद्घाटन वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती के द्वारा किया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर में कई तरह के नैदानिक जांच और चिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा परामर्श प्रदान किया गया, जिससे कर्मचारीगण अपने स्वास्थ्य की निगरानी कर सके और सक्रिय कदम उठा सके। कर्मचारियों ने इस शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वास्थ्य जीवनशैली बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि , "बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य उत्पादकता और नवाचार की नींव है। इरेडा में, हम ऐसे सक्रिय उपायों के माध्यम से अपने कर्मचारियों के कल्याण का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पहल एक ऐसा कार्यस्थल बनाने में हमारे विश्वास को दर्शाती है जोकि अपने लोगों की देखभाल करता है। उन्होंने निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने और संगठनों में जागरूकता पैदा करने के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रयासों की भी सराहना की।

यह मानते हुए कि आउटसोर्स कर्मचारीगण भी अपने कार्यबल का अभिन्न अंग हैं,इसलिए इरेडा ने सुनिश्चित किया कि उन्हें शिविर के दौरान प्रदान की जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं तक समान पहुँच मिले। कर्मचारी कल्याण पर विशेष ध्यान देने के साथ, इरेडा एक ऐसे संगठन के रूप में उदाहरण स्थापित करना जारी रखता है जोकि अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन को प्राथमिकता देता है।

